मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-343
**12/10/2024**

# रावण वध समारोह में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 12 अक्टूबर 2024 :– राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना के गॉधी मैदान में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयादशमी के मौके पर श्री रामलीला महोत्सव एवं रावणवध समारोह–2024 का दीप प्रज्जवलित कर विधिवत उद्घाटन किया। श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस रावण दहन कार्यक्रम में सबसे पहले आयोजकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का स्वागत स्मृति चिन्ह्, अंगवस्त्र एवं धार्मिक पुस्तक भेंट कर किया गया। मुख्यमंत्री ने गुब्बारा उड़ाकर राज्य में शांति एवं सौहार्द्र कायम रखने का संदेश दिया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने श्रीराम, एवं श्री लक्ष्मण के स्वरूप को तिलक लगाकर उनकी आरती की। तत्पश्चात् बारी–बारी से बुराई के प्रतीक कुंभकरण, मेघनाद एवं रावण का पुतला दहन किया गया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, सूचना एवं जन–सम्पर्क मंत्री श्री महेश्वर हजारी, सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, कॉंग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद श्री अखिलेश प्रसाद सिंह, विधायक श्री संजीव चौरसिया, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पटना प्रमण्डल श्री मयंक वरवड़े, पुलिस महानिरीक्षक सुरक्षा श्री विनय कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पटना श्रीमती गरिमा मलिक, जिलाधिकारी पटना श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बिहार राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव श्री अरविन्द कुमार, श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के चेयरमैन श्री कमल नोपानी, अध्यक्ष श्री अरूण कुमार, संयोजक श्री मुकेश नंदन सहित श्री श्री दशहरा कमिटी ट्रस्ट के सदस्यगण एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

******